तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

14 जैविक खेती को बढ़ावा देने कल से



12 स्कूल तोड़ने परमिशन मिला नहीं और निगम ने ...





## खबर संक्षेप

### घरों में किया गया 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ



**बालोद।** गृह गृह यज्ञ अभियान के अंतर्गत पांडेपारा में यज्ञाचार्य आरपी यादव के द्वारा घरों में 9 कुंडिया यज्ञ किया गया। यज्ञ के दौरान परिवार के लोग के साथ पड़ोसी भी यज्ञ मे सम्मिलित होते दिखे। जिसमे यज्ञाचार्य द्वारा गृहे गृहे यज्ञ के महत्ता के साथ हिन्दू धर्म के साथ वैज्ञानिक महत्व को बताया। वही अन्य लोगो से भी अपने घरो मे यज्ञ करने को लेकर प्रेरित किया गया और बताया गया कि यज्ञ करने से न सिर्फ वातावरण शुद्ध होता है बल्कि घर का वातावरण सकारात्मक हो जाता है जिससे घर के नकारात्मक ऊर्जा घर से बाहर चली जाती है और यज्ञ के माध्यम से घर मे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### सुशासन तिहार में जनमन पत्रिका की प्रतियां बांटीं



**बालोद।** सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद द्वारा विभाग की मासिक पत्रिका 'जनमन' का वितरण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में जिला जनसंपर्क विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा अतिथियों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को जनमन पत्रिका का वितरण किया। जुंगेरा समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान सहित राजेन्द्र कुंजाम, कृष्णशरण साहू, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को जनमन पत्रिका का वितरण कर शासन के योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

### गांजा की तस्करी महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सडक 11 जोन 01 केनाल रोड छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ करीं उर्फ सुनीता एक्टिवा सीजी 07 सीएच 2876 के साथ 1.200 किलो गांजे के साथ पकड़ी गई।

# कमजोरी नहीं विशेषता देखने की दृष्टि से ही होता है जीवन सुखमय

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने किया मातृ दिवस पर आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में मातृ दिवस का आयोजन किया गया था। जिसमें विशेष रूप से मुख्य अतिथि आरआई. रेवती वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, वार्ड नं. 01 के पार्षद पुष्पा साहू, हाईस्कूल व्याख्याता गीता ठाकुर, ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, साथ में बीके. सरिता दीदी उपस्थित थे। मंच संचालन बीके. नेहा दीदी ने किया।

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय परिवार टूटने लगे है, समाज की भी दयनीय हालत हो चुकी है। चारों तरफ विकारों की व्यसनों की कालिमा छाई हुई है। आज लोग हेल्थ, वेल्थ के साधनों के बारे में बहुत कुछ जानते है अपेक्षा और उपेक्षा दोनों से हमारी खुशी कम हो रही है। अब किसी की कमजोरी को न देख उनकी विशेषताओं को देखेंगे तो खुशी मिलेगी। जीवन में सुख शांति चाहते है तो मूल्यों को जीवन में अपनाना होगा। परिवार को सशक्त बनाने के लिए भी राजयोग की आवश्यकता होती है।

बीके. सरिता दीदी ने कहा कि माता अपनी जीवन से प्रेरणा दे सकती है सिर्फ शब्दों से ही नहीं शब्दो से कहने वाला सारा संसार बैठा है लेकिन जीवन से कहने वाले जिनके जीवन ▸▸| शेष पेज 13 पर

## अभियान

### शिविर में 698 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया

# सुशासन तिहार : योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चत हुआ एवं पारदर्शिता आई : नाग





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि राज्य शासन द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार शासन–प्रशासन के आम जनता के द्वार तक ले जाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अभिनव कार्य है। श्री नाग जिले के डौण्डी विकासखण्ड के नगर पंचायत चिखलाकसा में सुशासन तिहार के अंतर्गत आज आयोजित समाधान शिविर के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सुशासन तिहार के महत्व एवं उद्देश्य के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

समाधान शिविर में नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष कुंती देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू रावटे, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, एसडीएम नूतन कंवर, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी सहित अन्य अधिकारियों के अलावा पार्षद एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत नगर पंचायत चिखलाकसा के निवासियों के द्वारा विभिन्न कार्यों से संबंधित प्राप्त कुल 698 आवेदनों का गहन परीक्षण के उपरांत सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर सांसद एवं अतिथियों के द्वारा 11 हितग्राहियों को आधार कार्ड एवं आयुष्माना कार्ड, 05 हितग्राहियों का श्रम



पंजीयन, 02 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं 04 हितग्राहियों को नया राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ▸▸| शेष पेज 13 पर

### जल संरक्षण सुनिश्चित करने की शपथ ली

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में निश्चित रूप से इसका दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। समारोह में सांसद श्री नाग ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष श्रीमती कुंती देवांगन ने सुशासन तिहार के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डालते हुए इस महत्वपूर्ण ▸▸| शेष पेज 13 पर

# भीषण गर्मी में सड़कें सूनी हाई तापमान से हैं बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

क्षेत्र में भीषण गर्मी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ते हुए 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जिससे आमजन से लेकर व्यापारी वर्ग तक सभी हलाकान हैं। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है।

दल्लीराजहरा शहर की सड़कों पर दिन के समय सन्नाटा पसरा रहता है, जहाँ कभी चहल-पहल दिखती थी, अब वीरानी नज़र आती है। दोपहर के समय दुकानों के शटर गिरे रहते हैं, जबकि अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में इज़ाफा दर्ज किया जा रहा है। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। विशेषज्ञों ने नागरिकों को दिन के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और ठंडी जगहों पर रहने की सलाह दी है।

दल्लीराजहरा नगर प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। जगह-जगह प्याऊ लगाए जा ▸▸| शेष पेज 13 पर

# दुर्गावती चौक परिसर जर्जर और लाइट बंद






हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

पुरूर एनएच 30 के हृदय स्थल कहे जाने वाले रानी दुर्गावती चौक का बुरा हाल हो गया है। जिसमे रानीदुर्गवती मूर्ति का बाउंड्रीवाल टूट फूट कर जर्जर हो गया है, खतरनाक मोड़ होने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के जिम्मेदार लोगो के द्वारा को मजबूत व्यवस्था नही की गई है, जिसके कारण वाहन मोड़ते समय वाहन रानी दुर्गावती चौक के बाउड्रीवाल से टकरा रहे है, जिससे बाउड्रीवाल लगातार टूट रहा है और अब रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर भी खतरा मडराने लगा है।

रानी दुर्गावती की प्रतिमा के पास ही राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा वहां पर हाई मास्क लाईट लगाया गया है, बताया



गया है कि इसके संधारण की जिम्मेदारी टोल नाका ठेकेदार की है लेकिन उनकी उदासीनता के कारण यह हाई मास्क लाईट महीनो से बंद पड़े है, जिससे चौक मे अंधेरा छाया रहता है, जिसके कारण भी वाहन चालको को चौक मे वाहन मोड़ते समय परेशानी होती है एवं वाहन बाउड्रीवाल से टकरा जाते है जिसमे लगे हुए ट्रिरट लाइट भी सिर्फ देखने की शोभा है जो सालों से बंद पड़ा है, रात में आने जाने वालों को अंधेरा में चलना पड़ता है और कई प्रकार के घटना का आशंका बना रहता है, सड़क किनारे बना हुआ नाली टूटा हुआ है। जहां नाली का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क में बह रहा है, जिससे आने जाने वाले को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, राह से आते जाते लोग रोज गिर रहे है तो कई लोग अंधेरा के कारण रात में नाली में गिर रहे है, कई एक्सीडेंट भी हुआ है, कई बार एकता व्यवसायी संघ पुरूर के पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग को सूचना दिया और अवगत भी कराया फिर भी जहां संबंधित विभाग और शासन प्रशासन एनएच 30 जैसे जगह के मामले में मौन है।




## आपातकालीन सेवा के लाभ मिलने में हो रही दिक्कत

# नेटवर्क फेल होने से इंटरनेट व ऑनलाइन कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ब्लाक के कई ग्राम इन दिनो खराब नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे है जिसके कारण उन्हे फोन के माध्यम से बातचीत करने के साथ इंटरनेट चलाने तथा अन्य ऑनलाईन कार्य करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही मौसम साफ होने के बाद भी इन दिक्कतो का सामना आम जन को करना पड़ रहा है।

जहां वर्तमान मे 5वीं का दौर चल रहा है जिसमे लोगो को नेटवर्क की कोई समस्या नही होनी चाहिए वही ब्लाक के ग्रामो को 2जी भी नसीब नही हो पा रहा है और न ही फोन के माध्यम से बातचीत हो पा रही है जिसके कारण कई विपरीत परिस्थितियो मे फोन के माध्यम से बात चीत करने या मदद मांगने के साथ हाल चाल जानने व सामान्य बातचीत मे भी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान मे कम्प्यूटर आधारित व ऑनलाईन के समय मे इंटरनेट के बीना कुछ भी सभव नही है ऐसे मे कोई भी ऑनलाईन काम हो या ऑनलाईन पेमेंट करने हो सबके लिए सही नेटवर्क की जरूरत पड़ती है लेकिन ब्लाक मे कुछ दिनो से सही नेटवर्क नही होने के कारण लोगो को परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है।

वही स्वास्थ खराब होने पर तथा अन्य आपातकालीन स्थिति के साथ दूर दराज मे रहने वाले के स्वास्थ जानकारी के साथ कुशल छेम पता करने मे भी नेटवर्क नही होने के कारण ब्लाक के लोगो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार ब्लाक के अन्य ग्राम की तरह ग्राम नेवारीकला मे एक कंपनी का टावर लगा दिया गया है लेकिन यह टावर काम करती है कि नही यह ग्रामीणो को नही पता वही टावर होने के बाद भी ग्रामीणो को नेटवर्क की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और कईर् कई दिनो तक फोन मे बात न होने के कारण एसएमएस के माध्मम से लोग बात करने मजबूर है। इसी प्रकार की समस्या ग्राम भेंगारी व आस पास के अन्य ग्रामो के लोगो को करना पड़ रहा है। वही जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम के लोगो को तो नेटवर्क की समस्या ▸▸| शेष पेज 13 पर



### शादी आदि कार्यक्रम हो रहे प्रभावित

वर्तमान मे शादी का सीजन चल रहा है ऐसे मे शादियो के साथ अन्य कार्यक्रमो मे मेहमानो का आना जाना लगा रहता है ऐसे मे मेहमानो के आने के समय फोन के माध्यम से जानकारी लेकर लोग लाने ले जाने का काम करते है लेकिन वर्तमान मे नेटवर्क की समस्या के कारण लोगो के मध्य संपर्क न होने के कारण ऐसी कई दिक्कते लोगो को हो रही है।

## खबर संक्षेप



### राजनीश को नेशनल बॉक्सिंग में मिला स्वर्ण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने दिल्ली में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बीएसपी व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही 7 सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक मिला है। इस सफलता पर ईडी पवन कुमार सहित सीजीएम संदीप माथुर विजय शर्मा, डीजीएम व पूर्व ओलंपियन मुक्केबाज राजेन्द्र प्रसाद, राजीव कुमार तथा उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी भी उपस्थित थे।

### डूबने से बालक की मौत

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कोचेरा थाना डौंडी लोहारा जिला बालोद निवासी 15 वर्षीय बालक देवकुमार चोरिया राजनांदगांव के शिवनाथ नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू के बाद शव को बाहर निकाला। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलने के बाद गोताखोरों की टीम सांकरदाह गांव पहुंची थी। जहां डीप डाइविंग जवान राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल पानी के अंदर डूबकर शव को खोजना शुरू किया। तीन से चार घंटे की मशक्कत के बाद बालक के शव को बाहर निकाला गया।

### विवाद के चलते हमला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने सब्बल से प्राण घातक हमला कर दिया। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि कुगदा भरतपुर निवासी ललित सेन ने शिकायत किया है कि पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी अजय यादव ने कांता यादव की हत्या करने की नियत से उसके सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। कांता अचेत होकर जमीन में गिरने पर उसे घसीटते हुए रेल्वे लाईन मैदान में फेंक कर फरार हो गया।

# फौजी की शहादत की याद दिला रहा खंडहर घर में लगा बबूल का दरख्त

विमल शंकर झा ⏭ दुर्ग

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का अब बाकी यही निशां होगा। भारत पाक के बीच बरसों पूर्व हुई दूसरी जंग का पहला शहीद दुर्ग का ऐसा देशभक्त लाल था, जिसकी शहादत पर नमन करने कर्मभूमि और जन्मभूमि दोनों स्थानों में नमन करने हजारों लोग उमड़े थे। इस अनूठे फौजी का अभी कोई वजूद नहीं है और बरसों से खंडहर पड़ा घर भी वक्त के थपेड़ों की भेंट चढ़ चुका है। जहां घर था, वहां एक बबूल का एक दरख्त और देश की रक्षा के लिए मर मिटने वाले इस जांबाज फौजी की शहादत के साक्षी बने लोग उसकी शहादत व देशप्रेम की गाथा की याद दिला रहे रहे हैं।

भारत पाकिस्तान के बीच चल रही जंग ने शहरवासियों के जेहन में दोनों देशों की बीच हुई 1971 की ऐतिहासिक विजय वाले युद्ध की यादें ताजा कर दी हैं। नई पीढ़ी को यह जानकर फक्र होगा कि इस युद्ध में दुर्ग के बहादुर सैनिक राजकुमार तिवारी ने भी पंजाब सरहद पर साथी सैनिकों के साथ मुकाबला किया था। भारत के बांग्लादेश के अभ्युदय के साथ पाक पर फतह हासिल करने में हमारे शहर के इस लाल ने भी शहादत दी थी। उनकी फोटो लेकर जब आर्मी के हेडक्वार्टर दिल्ली से फौजी अफसर दुर्ग के उनके निवास पंचशील नगर पहुंचे सारा शहर श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा था। जब माता पिता ने अपने पैतृक गांव में बेटे का अंतिम संस्कार की इच्छा जताई तो यहां देशप्रेम के जज्बे से भरे लोगों ने उनकी तस्वीर को ही तिरंगे में लपेटकर ट्रक पर रखकर शहर में श्रद्धांजलि यात्रा निकाली थी। ऐसा ही जनसैलाब उनके पैतृक ग्राम मंझावन कानपुर यूपी में अंतिम संस्कार पर उमड़ा था। दुर्ग के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीशचंद्र शर्मा बताते हैं कि बचपन से ही शहीद राजकुमार तिवारी से मेरा



सिखाया था तैरना : शर्मा

गहरा संबंध था। देशभक्त के साथ अच्छे खिलाड़ी व तैराक भी थे,जिन्होंने मुझे आज के चंद्रशेखर स्कूल के मैदान में फुडबाल खेलना व पंचशीलनगर के तालाब में ट्यूब में बांध फेककर तैरना सिखाया था। उनकी शहादत इस माएने में भी यादगार है कि भारत को पाक पर जीत मिली थी। श्री शर्मा बताते हैं कि युद्ध के दौरान देश के फौजियों की सहायता के लिए मनोहर, दुर्गाप्रसाद, कल्पना देशमुख, विजय व मनोज आदि स्कूल के मित्रों ने शिवनाथ तट व बघेला से दातून तोड़ इंदिरा बाजार में बेंचकर 5 सौ रुपए एकत्र अपने स्कूल की मेडम को दिए , जिन्होंने जब यह पैसे कलेक्टर को दिए तो स्कूल में आकर सराहना किए।

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में दुर्ग के राजकुमार ने लड़ी थी जंग

71 के युद्ध में शहीद राजकुमार तिवारी का घर दस साल से वीरान और उपेक्षित पड़ा रहा। इसके बाद खंडहर होकर



समतल जगह में बतौर स्मृति एक बबूल का पेड़ खड़ा हुआ उनकी जांबाज देशभक्ति की याद दिला रहा है। जवान बेटे की शहादत से वज्राघात झेलते हुए वे घर को यादों में समेटे रहे लेकिन फिर अपने पैतृक निवास गांव चले गए। सच्चे देशभक्त राजकुमार तिवारी की कुर्बानी को पड़ोसी अब तक नहीं भूले हैं। रिटायर शिक्षिका मीना देशमुख बताती हैं कि हमारा तिवारी परिवार से पारिवारिक रिश्ता था।





फौजी राजकुमार की शहादत बाद उनकी मां 25 साल तक यहीं रहीं। दस साल पूर्व बचे परिजनों के साथ अपने गांव यूपी चली गईं। पंचशील नगर की जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता कल्पना देशमुख बताती हैं कि राजकुमार तिवारी नेकदिली व देशभक्ति में हम सबके रोलमांडल थे। उनके पिता कोतवाली थाना दुर्ग में पुलिस में थे और जिनके राजकुमार सहित, रामकुमार व शिवकुमार तिवारी 3 बेटे थे। राजकुमार की पत्नी सुशीला ने अपने देवर शिवकुमार के पुत्र को गोद लिया था।

## विडंबना : शिक्षक नगर के पुत्री शाला को तोड़ने में निगम प्रशासन उतारू

# स्कूल तोड़ने परमिशन मिला नहीं और निगम ने जारी कर दिए वर्कआर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिक्षक नगर स्थित प्राथमिक पुत्री शाला स्कूल को तोडने नगरनिगम द्वारा बडी साजिश रची गई है। स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग ने परमिशन ही नही दी है और नगरनिगम द्वारा न सिर्फ टेंडर जारी कर दिए, बल्कि वर्कआर्डर भी जारी कर दिया गया हैं। नगरनिगम के अधिकारी और भाजपा के पार्षद शिक्षा विभाग के डीईओ और बीईओ पर चाबी सौंपने लगातार दबाव बना रहे है। शनिवार को स्कूल में सुबह नगरनिगम के अधिकारी जबरदस्ती चाबी लेने आ धमके थे। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अरूण वोरा सहित पालक संघ भी पहुंचे थे। जहां जमकर बवाल की स्थिति निर्मित हो गई थी।

ऐसी जानकारी मिली है कि, शिक्षा विभाग से परमिशन मिले बगैर ही नगरनिगम ने टेंडर भी जारी कर दिया था। रियासतकाल में गरीब बच्चियों के लिए बने स्कूल को तोडकर नगरनिगम द्वारा यहां पानी टंकी बनाने का टेंडर जारी कर दिया गया है। करीब सवा करोड रूपए से अधिक की लागत में बनने वाले इस टंकी के लिए एतिहासिक स्कूल को तोडने निगम प्रशासन लगातार दबाव बना रहे है। विगत दिनों नगरनिगम आयुक्त ने शिक्षा विभाग के डीईओ अरविंद मिश्रा को एनओसी जारी किए जाने पत्र लिखा था। जिसमें डीईओ ने एनओसी देने से पहले शर्त रखी थी। जिसमें स्कूल तोडने के बाद किस मद और कब तक बनेगा। लेकिन इसकी लिखित जानकारी निगम प्रशासन उपलब्ध नही करा पाई। विगत दिनों लगातार भाजपा के पार्षद स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाबी सौंपने का दबाव बना रहे है। शनिवार को जब निगम के अधिकारी स्कूल पहुंचे तो बवाल हो गया और पालक संघ और पूर्व विधायक सहित कांग्रेसी नेताओं ने जमकर विरोध किया। जिससे निगम के अधिकारियों को डल्टे पांव लौटना पड गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी स्कूल तोडने के बजाय दूसरा विकल्प तलाश करने की बात कही थी।

### शनिवार को स्कूल में जमकर बवाल, निगम को सौंपी गई चाबी

#### मौखिक आदेश पर सौंपी गई चाबी

बीईओ गोविंद साव ने बताया कि, डीईओ के मौखिक आदेश पर उन्होने चाबी सौंपने स्कूल प्रबंधन को पत्र लिखा था। पूर्व में नगरनिगम आयुक्त द्वारा डीईओ को एनओसी के लिए पत्र लिखा गया था। जिसके जवाब में डीईओ अरविंद मिश्रा ने पूर्व में भी स्कूल तोडने की बात कही थी। वही उन्होने बजट प्रावधान और ड्राईंग डिजाइन उपलब्ध कराने की शर्त रखी थी। निगम अधिकारियों की माने तो डीईओ के मौखिक आदेश पर बीईओ ने निगम प्रशासन को चाबी सौंपी है। इस मामले में निगम द्वारा विभाग से मिले कोई भी पत्र उपलब्ध नही कराई गई।



#### पूर्व पार्षद ने कहा टंकी बनाने पर्याप्त जगह

पुत्री शाला स्कूल को तोडने का विरोध कर रहे पूर्व पार्षद मनीष यादव ने बताया कि, पानी टंकी बनाने के लिए पीछे पर्याप्त जगह है। इस स्कूल को तोडने की जरूरत भी नही पडेगी। उन्होने बताया कि, स्कूल को नही तोडने के लिए उन्होने कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी से लेकर निगम कमिश्नर को ज्ञापन दिया है। उन्होने कहा कि इसके बाद भी बात नही बनेगी तो वे शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

#### पहले भी तोड़ चुके स्कूल इसलिए हो रहा विरोध

नगरनिगम दुर्ग द्वारा इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्प्लेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। भवन आज तक नही बने। इसी तरह गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने निगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। जिसकी फूटी कौडी भी स्कूल को नही मिलती हैं।

#### वोरा लिखित आदेश दिखाने अड़े रहे

शनिवार को निगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान के साथ भाजपा पार्षद व अमला पहुंचे थे। इधर इसकी जानकारी मिलने के बाद पुत्री शाला के पालकगण पहुंचे थे। जहां उन्होने स्कूल तोडने का विरोध किया। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने शिक्षा विभाग के लिखित परमिशन की कापी भी मांगी, लेकिन उपलब्ध नही कराया गया। वही आप पार्टी के नेता मेहरबान सिंह भी पहुंचे थे।

#### एनओसी मिल चुकी



शिक्षा विभाग ने स्कूल तोडने की अनुमति दे दी है। पानी टंकी बनने के बाद स्कूल बनाने की राशि से लेकर ड्राईंग डिजाइन भी विभाग को सौंपी जा चुकी है, सब नियम के तहत हो रहा है। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग नगरनिगम

#### बेहद निंदनीय कार्य



स्कूल वर्ष 1955 से स्कूल बनी हैं, यहां 55 बच्चे जो गरीब वर्ग से अध्यनरत है। टंकी के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन इसे तोडने के फैसले से हम आहत है। इसका पुरजोर विरोध करेगें। यह दुर्ग शहर धरोहर है। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

## मामा-भांजा हुए एक पति-पत्नी के बीच सुलह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायलय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई अगल-अलग प्रकरणों के बीच सुलह कराया गया। जिसमें मामा-भांजा के बरसों लडाई के खत्म कराया गया, वही पति-पत्नियों के बीच मधुर संबंध बनाए रखने सहित अन्य कई प्रकरणों पर सुनवाई की गई।



- कुल 536760 मामले निराकृत

वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17993 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 518767 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि 482540385/- रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 20, विद्युत के कुल 215 मामले निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 2734771/ रही है। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 322 दाण्डिक प्रकरण क्लेम के 44 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 90 चेक अनादरण के 308 मामले, व्यवहार वाद के 51 मामले श्रम न्यायालय के कुल 06 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 6460 मामले निराकृत हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग, राजस्व न्यायालय दुर्ग, एवं उपभोक्ता फोरम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पत्रकारिता के क्षेत्र से जिला न्यायालय में उपस्थित मनजीत कौर द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बाइक सवार अपने भाई के साथ पावर हाउस जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौके पर मौत हो गई।

- चंद्रा मौर्या टाकीज के सामने हुई घटना

मामले में पुलिस ने शव को मरचूरी सुपेला में रखवा दिया है। शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। सुपेला पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर दुर्गा पारा वार्ड निवासी कुर्बान अली 22 वर्ष अपने बाइक में भाई के साथ अपना काम निपटाकर पावर हाउस जाने के लिए निकला था। इस दौरान चंद्रा मौर्या टाकिज के पास ट्रक की चपेट में आने से



गंभीर रुप से कुर्बान घायल हो गया। उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पुलिस ने परिजनों को दिया है। पुलिस ने बाइक को पुलिस थाने लेकर आ गई है। बताया जा रहा है कि चंद्रा मौर्या टाकिज के सामने नेशनल हाइवे के पास की घटना है। कुर्बान जेसीबी ऑपरेटर है। नगर निगम में प्राईवेट काम करता था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।

गौरतलब हो कि नेशनल हाईवे में लगातार सड़क हादसा होने से दो पहिया वाहन चालकों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। सप्ताहभर में नेशनल हाईवे पर आधा दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का हर्जाना बेगुनाह वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

### जेल प्रशासन ने दिलीप का किया सम्मान

**दुर्ग।** केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा समाज सेवी दिलीप ठाकुर और सीता राम ठाकुर को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति द्वारा केंद्रीय जेल में चिकित्सा सेवा मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य दिशा-निर्देश के परिपेक्ष में जेल सह अधिक्षक डॉ अशोक साव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेड कॉन्स्टेबल गणपत भी मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति के तत्वाधान में चिकित्सा, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सेवा और रचनात्मक कार्य संपादित किया गया।

# अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस का चला अभियान

**भिलाई।** अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि शारदापारा छावनी, केएलसी खुर्सीपार, जोन तीन खुर्सीपार में 589 व्यक्तियों का दस्तावेजों की जांच किया गया। इसके अलावा 154 का फिंगर प्रिंट लेकर तैयार डाटाबेस किया जा रहा है। शनिवार की सुबह छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी., जोन-3 में किराए से रहने वालों की जानकारी जुटाई गई। बिना सूचना के रह रहे अवैध अप्रवासियों की भी जांच की गई। शारदापारा छावनी में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में



200 व्यक्तियों का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज जांच किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर यहां लोग किराए का मकान लेकर निवास कर रहें है। जांच के दौरान 70 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। लिए गए। के.एल.सी. खुर्सीपार में सीएसपी हरीश पाटिल छावनी व जोन 3, खुर्सीपार में डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में 389 नागरिकों का आधार कार्ड दस्तावेजों की जांच की गई। 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट भी लिए गए। बीएसपी ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। लोगों की शिनाख्त के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किया। कॉस वेरिफिकेशन भी किया गया। कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए।

#### पुलिस की अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में ,किराएदार की किसी भी मामलें में शामिल पाए जाने पर मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक गजेन्द्र यादव ने विकास कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देश दिए

# मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द शासन को भेजें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023-24 और 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज समीक्षा बैठक लेकर सभी काम को समय पर पूरा करने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द ही शासन को भेजने के निर्देश दिए, वही भूमिपूजन के बाद स्वीकृत कार्यो में तेजी लाने कहा गया।

- स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने कहा

महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजिनियरों के साथ आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियो को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लिए। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात प्रारंभ हो चुके कार्यों में तेजी लाने और जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि जनता को सौगात मिल सके। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों के प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगे और बिंदुवार संबंधित अधिकारी और इंजिनियर से चर्चा कर कार्य पूर्ण करने कहा। शहर के प्रमुख इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग के डीपीआर को शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



#### नई कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने सर्वे होगा

महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और निगम आयुक्त की टीम के साथ समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने नये बसाहट वाले कॉलोनी और छूटे हुए एरिया में पेयजल पाइपलाइन बिछाने को लेकर जानकारी मांगे, वहीं सर्वे कर विस्तार करने कहा। इसके अलावा डीएमएफ फंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य में आने वाली रुकावट का निदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने कहा

#### शहर के तालाबों का होगा सौन्दर्यीकरण

विधायक श्री यादव ने शासन से स्वीकृत भवन निमार्ण, जागिंग ट्रेक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से लिए। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्र में राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द तैयार करने कहा ताकि शासन से शहर की जनता की सहुलियत बढ़ाने उन कार्यों को भी स्वीकृति दिलाई जा सके। विधायक गजेन्द्र ने समीक्षा बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा के तहत सभी प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण और उद्यानो के विस्तार करने प्रस्ताव तैयार करने कहा ताकी तालाब में आम नागरिक निस्तारी कर सके।

## भुवन चंद्राकर का निधन, अखबार वितरण करने वालों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुनील न्यूज एजेंसी के संचालक भुवनलाल चंद्राकर के निधन पर अखबार वितरण संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख वितरक मौजूद थे।



उन्होंने कहा कि भुवन चंद्राकर के निधन से अखबार वितरण जगह में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे पिछले 6 दशक से सक्रिय रहे। उन्होंने 60 साल पहले अखबार वितरण का सुचारू रूप से संचालन करने सुनील न्यूज एजेंसी शुरू की। उनका 9 मई 2025 को निधन हो गया। पूरे दुर्ग शहर में प्रतिदिन 300 हॉकर की टीम से अखबार वितरण का संचालन करते रहे हैं। हर छोटे बड़े मीडिया समूह की प्रतियों को विषम परिस्थितियों में भी घर-घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। उनके निधन से सभी मीडिया समूह ने शोक व्यक्त किया। अखबार वितरण संघ दुर्ग ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में संदीप खेमुका, राजीव कटकवार, बृजलाल मारू, धनीराम साहू, छन्नूलाल सिन्हा, मदन साहू, जमील अहमद, विकास, भीखम देशमुख, लक्ष्मी चौधरी, परमेश्वर राजपूत सहित सभी प्रमुख एजेंटे मौजूद थे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांलि दी।

## खबर संक्षेप



### साहू समाज ने किया भाव्या का सम्मान

**डोंगरगांव।** दसवीं में ग्राम बोदेला के चतुर साहू की पुत्री भाव्या साहू ने 97.17 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। परिणाम आने के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने बोदेला पहुंचकर भाव्या से मुलाकात कर बधाई दी। इस मौके पर जयश्री साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, इन्द्रसेन साहू, राजेश साहू, चतुर साहू, गुहरीराम साहू, कुंदन साहू, भारत साहू आदि मौजूद थे। इसी क्रम में तहसील साहू संघ ने मटिया स्थित भवन में समारोह आयोजित कर भाव्या को सम्मानित किया है। इस दौरान धनराज साहू, शिवराम साहू, माधव साहू, सुरेन्द्र साहू, कौशल साहू, पुरुषोत्तम साहू, सीएल हिरवानी, सुंदरलाल साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### मस्ती के साथ आसनों का अभ्यास



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को संस्कृति और संस्कार पर आधारित मस्ती की पाठशाला आयोजित की गई। छुटियों के दिनों में बच्चों को नैतिक शिक्षा से जोड़ते हुए खेल, नाटक, कहानी एवं संगीत के माध्यम से विभिन्न गतिविधि कराया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष मे माँ पर आधारित विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन आशा फाउंडेशन की सदस्य अंकिता गुप्ता ने किया। यह आयोजन प्रत्येक रविवार का संस्था में आयोजित होने की जानकारी संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी ने दी। उन्होंने सभी स्कूलों के बच्चों से कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है।

### कॉलेज में प्री-प्लेसमेंट गतिविधि 15 को

**गंडई पंडरिया।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई द्वारा आगामी 15 मई को प्रातः 11 बजे देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के सेमिनार हॉल में प्री प्लेसमेंट गतिविधि का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुके या अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेंट परीक्षाओं और साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की क्षमताओं का प्रारंभिक मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें प्रोफेशनल अपटिट्यूड, इंटरव्यू स्किल्स और जॉब मार्केट की जरूरतों के अनुसार मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा।इच्छुक उम्मीदवार 14 मई तक सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के भागवत राम से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### नवविवाहिताओं को मिलेगा वंदन योजना का लाभ



**डोंगरगांव।** महतारी वंदन योजना का लाभ शीघ्र ही उन नवविवाहित महिलाओं को मिला जो योजना के पात्र हैं। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवविवाहित महिलाओं से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। योजना का लाभ मार्च 2024 से प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। पात्र विवाहित महिलाओं को सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। अब नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।

---

कार्रवाई : उमराडाह व झलमला में घर के ताले को तोड़कर आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी की चोरी की

# अंतर जिला चोर गिरोह का भंडाफोड़, 30 लाख के आभूषण, एक कार और दो मोटरसायकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अंतर्जिला चोर गिरोह सहित सोनार व चोरी के आरोपी से जेवरात सहित नगदी रकम बरामद किया गया। बालोद जिला में थाना बालोद, गुण्डरदेही, देवरी, अर्जुन्दा सहित जिला दुर्ग, बेमेतरा, जिला राजनांदगांव के छुरिया और कई जिलों में चोरी की घटना में चोर शामिल है। चोरी करने के लिए चोरी की मोटरसायकल व फर्जी नम्बर प्लेट का करते थे उपयोग। पहचान में न आये करके अपने मुंह को गमछा से चेहरा बांध के रखते थे। ताला बंद सूने मकान में दिन का रेकी करते थे रात्रि में जाकर चोरी करते थे। त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज में महत्वपूर्ण सुराग मिला। आरोपियो का पूर्व में है कई अपराधिक रिकार्ड, हत्या के प्रकरण में जेल काट चुका एक आरोपी है। घटना के बाद से एक आरोपी केरल भाग गया था जिसे टीम द्वारा पकड़ कर बालोद लाया गया। आरोपियो के कब्जे से सोने व चांदी के जेवरात लगभग कीमती 30 लाख बरामद किया। आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटरसायकल, 01 नग कार, लोहे का राड़, पेचकस, पेनचिंस बरामद किया गया। आरोपियो को पकड़ने में सायबर सेल टीम बालोद व थाना बालोद की संयुक्त टीम की विशेष भूमिका रही। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 27.04.2025 को सूचना मिली कि उमरादाह व झलमला बालोद में रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा 02 प्रार्थी के घर के बाहर लगे बंद ताला को तोड़कर मकान में प्रवेश कर घर, में रखे आलमारी से सोने–चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गया है।

■ आरोपियों के चेहरे फुटेज में अस्पष्ट पर एक की हुई पहचान

#### सीसी टीवी कैमरे के फुटेज में संदिग्ध नजर आ रहे

उक्त चोरी के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद व साइबर सेल से विशेष टीम बनाकर लगाया गया। साथ ही घटना स्थल में डाग स्क्वाड को बुलाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 331(4), 305, 62 बीएनएस, धारा 331(4), 305, बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। के नेतृत्व में चोरी के प्रकरण में आरोपियों के पतासाजी हेतु सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों के संबधं में पतासाजी हेतु त्रिनयन एप के माध्यम से बालोद क्षेत्र पर लगे व आपपास के सीसीटीवी कैमरा फुटेज को प्राप्त कर टीम द्वारा बारीकी से एनालिसिस करने पर 03 संदिग्ध व्यक्ति व मोटरसायकल की जानकारी प्राप्त हुई जिसे टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया सीसीटीवी फुटेज को प्राप्त करते हुए टीम बालोद से दुर्ग रोड़, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा होते हुए राजनांदगाव पर लगे सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों का फुटेज को प्राप्त कर एनालिसिस किया गया साथ ही तकनीकी टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कार्य किया गया। टीम द्वारा रात दिन राजनांदगांव के आसपास कैम्प कर संदिग्ध मोटरसायकल की पहचान करने का प्रयास किया गया जिसमें मोटरयायकल का नम्बर प्लेट फर्जी होना पाया गया। तीनो संदेही भी गमछा से चेहरे को बांध कर रखे थे जिससे उन सभी का चेहरा स्पष्ट नही हो पा रहा था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 02 टीम बनाया गया। जिसमें एक टीम निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में आरोंपी के केरल में होने की सूचना पर केरल रवाना किया गया। दूसरी टीम एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में राजनांदगांव जाकर सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों के संबध मे पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान 01 सीसीटीवी फुटेज में 01 आरोपी का चेहरा स्पष्ट दिखा।



#### आरोपियों पर अपराध हैं कायम

आरोपियों द्वारा किये गये बालोद जिला के चोरी का अपराध थाना बालोद के धारा 331(3),305 बीएनएस, कीमती 17,000/– रूपये, थाना बालोद के धारा 331(3),305 बीएनएस कीमती 3,80,000/– रूपये, थाना अर्जुन्दा के धारा 331(3),305(ए) बीएनएस, कीमती 37,000/– रूपये, 4. थाना अर्जुन्दा के अपराध क्रमांक –178/2024, धारा 331(3),305(ए) बीएनएस, कीमती 5,30,000/– रूपये, थाना अर्जुन्दा के धारा 305(ए) बीएनएस, कीमती 23,500/– रूपये, थाना अर्जुन्दा मे धारा 303(2)बीएनएस, कीमती 40,000/– रूपये, थाना अर्जुन्दा मे धारा 331(3),305(ए) बीएनएस कीमती 30,300/– रूपये, थाना देवरी के धारा 331(4),305 बीएनएस कीमती 1,80,000/– रूपये, थाना गुण्डरदेही मे धारा 331(4),305 बीएनएस कीमती 9,90,000/– रूपये, थाना देवरी मे धारा 331(3),305(ए) बीएनएस, कीमती 90,000/– रूपये, थाना अर्जुन्दा मे धारा 331(3),305(ए) बीएनएस ,कीमती 43,000/– रूपये, थाना बालोद मे धारा 331(4),305 ,62 बीएनएस, थाना बालोद मे धारा 331(4),305 बीएनएस कीमती 5,84,000/– रूपये दर्ज है।

#### राजनांदगांव निवासी आरिफ खान उर्फ राजा खान के रूप में हुई पहचान

एक आरोपी की पहचान राजनांदगांव निवासी आरोपी आरिफ खान उर्फ राजा खान के रूप में हुई। आरिफ खान से पूछताछ करने पर वह बताया की वे अपने साथी अनवर खान निवासी नेवई जिला दुर्ग, राजू मेश्राम के साथ मिलकर घटना के दिन राजनांदगांव से चोरी की मोटर सायकल में तीनो बालोद आये थे रेकी करके रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। एक टीम भिलाई नेवई से अनवर खान को पकड़कर बालोद लाई। केरल गईं टीम को पता चला कि राजू मेश्राम अपनी परिवार के साथ गोवा चला गया है तत्काल टीम गोवा के लिए रवाना हुआ।

जहां पतासाजी करने पर गोवा में कई ठिकानों में दबिस देकर पकड़ने में सफलता मिली। आरिफ खान व अनवर खान सें पूछताछ पर चोरी के जेवरात को नथमल सोनी को देना बताया। टीम द्वारा नथमल सोनी निवासी राजनांदगांव को पकड़कर बालोद लाया गया। आरोपियो द्वारा पूर्व में बालोद जिला के थाना बालोद, देवरी, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही के कई सूने मकानो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके अलावा अन्य जिला दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा में भी कई चोरी की घटनांए किये है। आरोपियों द्वारा बालोद जिले के 13 एवं सरहदी जिले के 05 कुल 18 अपराध को अंजाम देना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर धारा 331(4), 305, 112, 317(4), 238, 62 बीएनएस लगाकर न्यायालय पेश किया गया।

#### जेल में हुई आरोपियों की पहचान

आरोपियों की जेल में जान–पहचान हुई थी व बनायी चोरी की योजना– अनवर खान सोने चांदी के जेवरात चोरी के प्रकरण में राजनांदगांव जेल गया था, उसी समय राजनांदगावं जेल में आरिफ खान उर्फ राजा खान निवासी शांतिनगर राजनांदगांव जो धन व सायकल चोरी के मामले में जेल गया था से जान–पहचान हुआ था। माह मार्च वर्ष 2024 में राजनांदगांव न्यायालय में पेशी पर राजा खान से मुलाकात हुआ था तब राजा खान, अनवर खान से कहा कि आर्थिक स्थित बहुत खराब है, मिलकर चोरी का काम करतें है। इस पर अनवर खान जो आलमारी का लाक तोड़ने में उस्ताद है, राजा खान जो बाहर दरवाजा लगा ताला तोड़ने में, रेकी करने, चोरी कर भागने के लिए रास्ता बनाने व मोटरसायकल की वायर को निकालकर डायरेक्ट कर चालू करने में उस्ताद है। दोनो मिलकर गैंग बनाये और इस गैंग में शांतिनगर के राजू मेश्राम जो बाईक चलाने में उस्ताद है और सन्नी निमजे जो बाईक उठाने में उस्ताद है उसे भी अपने गैंग के संबंध में बताकर आरिफ खान उर्फ राजा खान ने शामिल कर लिया व चोरी की घटनाओं में संलिप्त हो गये एवं राजनांदगावं के लोकल सोना व्यापारी नथमल सोनी को माल खपाने में अपने गैंग में शामिल किये।

#### वारदात को देते थे अंजाम

आरोपियो के द्वारा अपने निवास से दूसरे जिले जाकर मोटरसायकल चोरी करते है फिर मोटरसायकल के नम्बर प्लेट का नम्बर बदलते है और शीट के नीचे 02–03 नम्बर प्लेट रखे रहते है चोरी के बाद नम्बर प्लेट को बदल देते थे। आरोपीगणों द्वारा सुनियोजित प्लान कर बाईक से आउटर एरिया निकलते थे एवं शहर के आउटर कॉलोनी या सूने मकान के घरो की रेकी करते थे। घटना को अंजाम देने के लिए ताला लगे सूने मकानो का घूमघूम कर दिन में रेकी करते है फिर रात्रि को वापस आकर उस मकान के बंद ताला को तोड़ कर घर मे रखे नगदी रकम व सोने, चांदी के जेवरात कोचोरी कर फरार हो जाते है। नगदी रकम को खाने, पीने एवं अपने दैनिक खर्च में उपयोग करते है। और सोने व चांदी के जेवरात को एक व्यक्ति नथमल सोनी निवासी राजनांदगांव को जेवरात बेचने संपर्क करते थे। बाजार मूल्य से कम कीमत पर वह सामान बेच कर पैसा आरोपी को देकर आपस में बांट लेते थे।

#### दीगर जिलों में मामले

आरोपियों द्वारा किये गये दिगर जिला के चोरी का अपराध मे जिला राजनांदगांव थाना छुरिया मे धारा 331(2),305(ए) बीएनएस कीमती 1,30,000/– रूपये, जिला राजनांदगांव थाना छुरिया के अपराध क्रमांक –45/2025, धारा 331(2),305(ए) बीएनएस, जिला दुर्ग थाना पाटन मे धारा 303(2),3(5) बीएनएस कीमती 40,000/– रूपये, जिला दुर्ग थाना पाटन मे धारा 331(4),305(ए) बीएनएस कीमती 84,000/– रूपये, जिला बेमेतरा थाना बेमेतरा मे धारा 331(4),305(ए) बीएनएस कीमती 8,45,000/– रूपये दर्ज है।

आरोपियों मे शांती नगर वार्ड 11 थाना चिखली जिला राजनांदगांव निवासी आरिफ खान उर्फ राजा खान पिता मरहूम बसारत खान 41 वर्ष, नेवई बस्ती वार्ड 33 थाना नेवई भिलाई जिला दुर्ग निवासी अनवर खान पिता स्व. इकबाल खान 54 वर्ष, बंसतपुर बैद्यनाथ कॉलोनी जिला राजनांदगावं निवासी नथमल सोनी पिता स्व.चम्पा लाल सोनी 51 वर्ष, शांती नगर थाना चिखली जिला राजनांदगावं निवासी राजू मेश्राम पिता राजेन्द्र मेश्राम 24 वर्ष है।

आरोपियों का आपराधिक प्रकरण मे आरिफ खान उर्फ राजा खान थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव मे धारा–379,34 भादवि, थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव मे धारा–379,34 भादवि, थाना लालबाग जिला राजनांदगांव मे धारा–379 भादवि, थाना लालबाग जिला राजनांदगांव मे धारा–379,34 भादवि, थाना डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव मे धारा–379 भादवि, थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव धारा–379,34 भादवि, थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव मे धारा–379,34 भादवि के तहत मामला दर्ज है।

अनवर खान पिता स्व. इकबाल खान के खिलाफ थाना पुलगांव जिला दुर्ग धारा–457,380,34 भादवि, थाना नेवई जिला दुर्ग धारा–457,380 भादवि, थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव मे धारा–4 क जुआ एक्ट, थाना बंसतपुर जिला राजनांदगांव मे धारा–छ.ग. गैमलिंग प्रो एक्ट 2022 ,3(2), थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव मे धारा–294,323,506,327 भादवि, थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव अपराध मे धारा–294,323,506,353 भादवि, थाना बंसतपुर जिला राजनांदगांव मे धारा–छ.ग. गैमलिंग प्रो एक्ट 2022 ,3(2) के तहत व हत्या नेवई 1995 का मामला दर्ज है।

राजू मेश्राम पिता राजेन्द्र मेश्राम के खिलाफ 03 बार जुआ और 01 बार 25, 27 आर्म्स एक्ट में राजनांदगांव पुलिस की कार्यवाही में जेल जा चुका है। आरोपियो के कब्जे से चोरी के सोने, चांदी के जेवरात बरामद कीमती लगभग 31 लाख, घटना मे प्रयुक्त 02 नग मोटरसायकल कीमती लगभग 80,000/–रूपये 01 नग कार कीमती लगभग 04 लाख रूपये, आरोपीगणों से जप्त नगदी रकम लगभग 90,000/–रूपये, लोहे का बनाया हुआ राड, पेनचिस, पेचकस, आरोपियो गणो द्वारा चोरी से कमाकर बनाए संपत्ति का चिन्हाकन कर कुर्की की कार्यवाही कराई जायेगी।

---

# समाधान शिविर में शामिल नहीं हो रहे अफसर, कार्यालय में भी नहीं मिलते

**डोंगरगढ़।** योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शहर के वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है किन्तु अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने के बजाए खानापूर्ति करने में लगे है। समाधान शिविर में कुछ विभाग को छोडकर अनेक विभाग के अधिकारी शामिल नहीं हो रहे हैं। कई प्रमुख विभागों को तो समाधान शिविर की जानकारी तक नहीं मिल रही है। विभाग के बाबू शिविर में शामिल हो रहे हैं जो चर्चा का विषय है। जानकारी के अनुसार शिविर में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आरईएस, वन, विद्युत मंडल, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा विभाग की उपस्थिति दिखाई नहीं देती है। जनपद पंचायत और पालिका के अधिकारी शिविर का प्रचार करने पीछे नजर आ रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि कई विभागों के अधिकारी कार्यालय में भी नहीं रहते जबकि कार्यालय में यह बताया जाता है कि अधिकारी शिविर में गए हैं।

### टाटेकसा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अंबागढ़ चौकी।** छत्तीसगढ़ सीमा पर बसे ग्राम टाटेकसा के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 25 बच्चे सम्मिलित हुए थे। शाला की हेमलता पटेल 85.50 प्रतिशत लेकर प्रथम, नमन कुमार 84 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, पूर्णिमा तीसरे और शालिनी कोमरे चतुर्थ स्थान पर रही।

शाला के 14 बच्चे प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में कमल यादव ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निकिता यादव 78.60 द्वितीय, शीतल 74.20 प्रतिशत तृतीय और रितु 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। परीक्षा में शामिल 33 में से 26 प्रथम श्रेणी और पांच द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बारहवीं का परिणाम 97 प्रतिशत रहा।

प्राचार्य जीआर नेताम, व्याख्याता आरबी सलामे, यूएस ठाकुर, एसएस कंवर, एमके वर्मा, वीवी देवांगन, आर कोटांगले, एस नाजनी, के साहू, आर साहू, उद्धव ठाकुर एवं एसएमसी अध्यक्ष सी पन्ना आदि ने बच्चों को बधाई दी है।

पार्षद श्रोती की पहल

# आधार में बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर का दोबारा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड क्र. 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर, बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट का दोबारा शिविर लगाया गया। पिछले रविवार को आयोजित शिविर में 138 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ था। आज रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी। शिविर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोबारा आयोजित शिविर में लगभग 124 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया।

वार्ड में आयोजित शिविर में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है। साथ ही चिप्स कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाए दी है। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है, वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था।



#### आधार कार्ड अपडेट

पार्षद श्रोती द्वारा उन्होंने अपने वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने लगातार अपील की। इस वजह से दोबारा आज आयोजित शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन, मीना सोनकर, लक्की देवांगन, मोहन तिवारी, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, ढुबेश प्रजापति, कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा, सुरेश सिन्हा, रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।

---

## पेज 11 के शेष

### कमजोरी नहीं विशेषता देखने ...

में ऊंची विशेषता है उससे सिखने वाले प्रेरणा देने वाली हमारी मातृशक्ति है इसलिए भगवान ने बहनों माताओं को आगे रखकर के अपने जीवन को चरित्रवान ऊंचा महान बनाते हुए औरो के जीवन को भी ऐसा बनाना ये जिम्मेदारी मातृशक्ति के ऊपर है।

आरआई. रेवती वर्मा ने कहा कि मां और बच्चे के बीच जो वात्सल्य और प्रेम को जो रिश्ता है वो सर्वश्रेष्ठ है इसकी किसी भी कविताएं या शब्दों में पिराया नहीं जा सकता। अनुभव की जो चीज है उसको कितनी ही शब्दों में व्याख्या की जाएं वह बहुत कम है अभी तक जितनी भी व्याख्याएं हुई है वो एक मां ही बता सकती है ये जो रिश्ता है संसार का एकदम अद्भूत रिश्ता है और इसकी मेरे पास शब्द नहीं है जो व्याख्या कर सके। सरस्वती टेमरिया ने कहा मां शब्द बहुत बड़ा शब्द है मां भगवान का रूप है और मां का स्थान कोई भी ले सकता है मां बच्चों से बहुत प्रेम करती है, स्नेह करती है और अच्छे, बूरे की सभी को सिखाती है। मां का हमारे जीवन में बहुत महत्व है मां हम सबको हर परिस्थिति से लड़ना सिखाती है। पुष्पा साहू ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। एवं गीता ठाकुर ने कहा कि माता–पिता का आशीर्वाद ही हमारे लिए दुआएं है, जो हमको जीवन में आगे बढ़ना सीखाती है। इस तरह से सभी अतिथियों का पौधा भेंटकर सम्मान किया गया।

### सुशासन तिहार से योजनाओं ...

का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने के अलावा हितग्राहियों को शासन के अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा नन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन कराने के साथ–साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया। इस अवसर पर सांसद एवं अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने सुशासन तिहार को आम जनता के मांगों एवं समस्याओं का पड़ताल कर समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण करने का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए इसकी भूरी–भूरी सराहना की। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शासकीय कार्यालयों के अलावा जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय तथा अन्य स्थानों के चक्कर लगाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के अंतर्गत नगर पंचायत चिखलाकसा में परिवहन विभाग से 07, आबकारी 01, स्वास्थ्य विभाग से 08, खाद्य विभाग से 07, राजस्व विभाग से 11 एवं नगरीय प्रशासन से 11 सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 698 आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।

### जल संरक्षण सुनिश्चित ...

आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने राज्य में सुशासन तिहार के महत्वपूर्ण आयोजन की भूरी–भूरी सराहना करते हुए इसे लोक हितैषी एवं जनकल्याणकारी कदम बताया।

### नेटवर्क फेल होने से इंटरनेट ...

का सामना करना ही पड़ रहा है साथ ही यह समस्या सबसे ज्यादा दूर दराज के वनांचल क्षेत्र के लोगो को अधिक दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण जो काम ऑनलाईन माध्यम से घर बैठे उनके ग्रामो मे हो जाती थी उसके लिए वे अन्य जगहो के साथ जिला मुख्यालय आने को मजबूर है।

### भीषण गर्मी में सूनी ...

रहे हैं और सार्वजनिक स्थानों पर छायादार व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक इंतजाम अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। गर्मी की इस भयावह स्थिति ने स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष चिंता खड़ी कर दी है। शहरवासी राहत की बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### मकान का ताला तोड़कर 80 हजार के जेवरात पार

**अमलेश्वर।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305, 331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अशोक वाटिका अमलेश्वर डीह निवासी भीमा साहू प्रा.शा. ग्राम अटारी जिला रायपुर में शिक्षक के पद पर है। मकान में ताला जड़कर कालेज दतरेंगा पढाई के सिलसिले में गया था। दोपहर को घर वापस लौटने पर दरवाजे का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी और लाकर का लाक टुटा पड़ा था। अज्ञात ने मकान से रखे सोना चांदी के जेवरात, एटीएम कार्ड, पेनकार्ड, चेकबुक समेत रजि. पेपर गायब मिला। चोरी हुए सामनों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या, 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** खदान में काम करने वाले युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला और तीन युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को खिलाफ पुलिस ने धार धारा 296,115(2),105,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि छाटा निवासी हरकिशन खुटयारे बाइक से घर की ओर आ रहा था। इस दौरान पड़ोसी नुपुर अपने बच्चे और पति, देवर के साथ सड़क पर बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से बाइक चलाते हुए निकला तो नुपुर उसे बोली बाइक कैसे चला रहा है। इसी बात को लेकर हरकिशन के साथ गाली गलौज करने लगे। नुपूर का पति शंकर, उसका भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान प्रदीप स्टील का पाइप, शंकर, ज्ञानेश्वर हाथ में डंडा लेकर मृतक के घर पहुंचा। हरकिशन का कॉलर पकड़कर खींचते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। सड़क पर बनी पक्की नाली मे जोर से हरकिशन को ढकेल दिया। जिससे हरकिशन बेहोश हो गया। उसके बाद चारों फरार हो गए।

हरकिशन को उठाकर परिजनों ने उसे बिस्तर पर सुला दिया। खाना खाने के दौरान हरकिशन को आवाज लगाने पर नहीं उठा तो उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे चेक कर हरकिशन को अंदरुनी चोट आने से मौत होना बता दिया। पुलिस ने आरोपी शंकर घटे, नुपुर घटे, प्रदीप भोगरे, ज्ञानेश्वर भोगरे को गिरफ्तार किया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### भिलाई-तीन में भाजपा संगठन की बैठक

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई तीन मंडल द्वारा संगठन परिचात्मक बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय लिया। साथ ही पार्टी में कार्यकर्ताओं के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया। भारत पाक युद्ध में लड़ रहे सैनिकों के साहस व मोदी की रणनीति का परिचय भी दिया। महामंत्री प्रेमलाल साहू ने भी कार्यकर्ताओं से परिचय व भेंटकर समझाया की यह पार्टी एक परिवार रूपी पार्टी है, सभी कार्यकर्ता महत्पूर्ण है।

# नशे के गिरफ़्त में दल्लीराजहरा: बचपन बर्बादी की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

नगर और आस-पास के ग्रामीण अंचलों में नशे की लत भयावह रूप ले चुकी है। चिंताजनक स्थिति यह है कि इसकी चपेट में अब बच्चे भी आ रहे हैं। स्कूलों के आसपास, सुनसान गलियों और यहां तक कि सार्वजनिक स्थलों पर भी नशे की गतिविधियाँ खुलेआम चल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक कुंभकर्णीय नींद में हैं। स्थानीय मेडिकल स्टोर्स में दवाइयों के नाम पर नशे का व्यापार जोरों पर है। बिना डॉक्टर की पर्ची के बेची जा रही नशे की गोलियाँ और सिरप, युवाओं के भविष्य को निगल रही हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ दुकानदारों की मिलीभगत स्थानीय स्तर पर माफियाई तंत्र को भी पोषण दे रही है।

**पुलिस-प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में :** पिछले कई महीनों से क्षेत्र में चोरी, झपटमारी, घरेलू हिंसा और झगड़ों की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनमें अधिकतर मामलों में नशे की भूमिका पाई गई। इसके बावजूद पुलिस द्वारा किसी ठोस कार्रवाई का अभाव लोगों में असंतोष और भय फैला रहा है।

**जनता में आक्रोश, जिम्मेदार कब जागेंगे ?:** स्थानीय समाजसेवी संगठनों और जागरूक नागरिकों ने कई बार शिकायतें कीं, ज्ञापन सौंपे, लेकिन परिणाम सिर्फ आश्वासनों तक सीमित रहा। अब लोगों की मांग है कि दल्लीराजहरा को नशा मुक्त क्षेत्र घोषित कर विशेष अभियान चलाया जाए।

**मेडिकल स्टोरों में प्रतिबंधित दवाइयों की खुलेआम बिक्री**



**प्रशासन से सवाल**

मेडिकल दुकानों की नियमित जांच क्यों नहीं हो रही? बच्चों को नशे से बचाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? नशे के खिलाफ चल रहे अभियानों का वास्तविक प्रभाव क्या है? समाप्ति नहीं, शुरुआत है यह चेतावनी! यदि जल्द ही कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह नशे की आग पूरे क्षेत्र को जला सकती है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदार अधिकारी जागें और कार्रवाई करें - वरना जनता जवाब मांगने सड़कों पर उतरने को तैयार है।



## श्री कृष्ण गोपाल गौ शाला चुल्हापथरा गुरूर से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा

# जैविक खेती को बढ़ावा देने कल से 19 तक गौ ग्राम जन जागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

अध्यक्ष छग गौ सेवा आयोग विशेश्वर सिंह पटेल के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ मे जैविक खेती को बढ़ावा देने गौ आधारित कृशि को पुनः स्थापित करने एवं गौ वंश के सवर्धन, संरक्षण व लुप्त होती गौ माता के वैभव व सम्मान को स्थापित करने व गौ माता को घरो मे पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से श्री कृष्ण गोपाल गौ शाला चुल्हापथरा गुरूर द्वारा गौ ग्राम जन जागरण यात्र 2025 का आयोजन गौ रथ यात्र के माध्यम से निकाली जाएगी।

- गांव-गांव में गौ आधारित प्रदर्शनी दिखाई जाएगी

श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा द्वारा गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का आयोजन 13 मई से 19 मई तक गुरूर ब्लाक के विभिन्न ग्रामो मे किया गया है। जिसमे गौ आधारित प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। जागरण यात्र के दौरान गौ आधारित प्रश्नो का उत्तर देकर ईनाम पा सकते है तथा जैविक कृशक सम्मान व गौ पालक सम्मान प्रदान किया जाएगा। जिसमे 13 मई को सुबह 10 बजे चुल्हापथरा, 11 बजे सोनईडोंगरी, 12 बजे कन्हारपुरी, 1 बजे कोलिहामार , 3 बजे बोरतरा, 4 बजे भुलनडबरी, 4:45 बजे कोचेरा, 5:30 बजे धनेली, 6:30 बजे बोड़रा सप्ताहिक बाजार महाआरती के साथ संपन्न होगी। 14 मई को सुबह 9 बजे बोहारडीह, 10 बजे कुलिया, 11 बजे नवागांव, 12 बजे भेजामैदानी, 1 बजे कनेरी, 3 बजे कुम्हारखान, 4 बजे पुरूर, 5 बजे आनंदपुर, 6 बले पुरूर सप्ताहिक बाजार मे महाआरती की जाएगी। 15 मई को सुबह 9 बजे करियाटोला, 10 बजे हितेकसा, 11 बजे धानापुरी, 12 बजे मोखा, 1 बजे मोखा गुण्डरापारा, 1:30 बजे दरगहन, 3:30 बजे दानीटोला, 4:30 बजे गुरूर सप्ताहिक बाजार मे महाआरती की जाएगी। 16 मई को दोपहर 2 बजे खर्रा, 3 बजे फागुनदाह, 4 बजे पेरपार, 5 बजे पेण्डरवानी, 6 बजे कंवर मे महाआरती की जाएगी। 17 मई को सुबह 9 बजे ठेकवाडीह, 10 बजे दुपचेरा, 11 बजे दियाबाती, 12 बजे दर्रा, 1 बजे नरबदा, 3 बजे सरबदा साप्ताहिक बाजार, 4 बजे अकलवारा, 5 बजे खोरदो, 5:30 बजे परसुली, 6:30 बजे खुंदनी मे महाआरती की जाएगी। 18 मई को सुबह 9 बजे गंगोरीपार, 10 बजे बासीन, 11 बजे भोथली, 12 बजे जेवरतला, 1 बजे मोहारा, 3 बजे पड़कीभाट, 4 बजे खेरथा, 5 बजे पिकरीपार, 5:30 बजे अरमरीकला साप्ताहिक बाजार मे महाआरती होगी। 19 मई को सुबह 9 बजे सांगली, 10 बजे पलारी, 3 बजे बोहारा, 4 बजे सनौद, 5 बजे डोटोपार, 6 बजे हसदा, 7 बजे अरकार मे महाआरती होगी।



# जैन युवा शक्ति ने शीतल शरबत का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जैन समाज बालोद की अग्रणी युवाओं की सेवाभावी संस्था जैन युवा शक्ति ने बालोद के शहीद वीर नारायण सिंह बस स्थानक में आने जाने वाले राहगीरों को मातृ दिवस के शुभावसर पर शीतल पेय शरबत का वितरण किया।

जैन युवा शक्ति के अध्यक्ष शुभम नाहटा एवं शुभम श्रीश्रीमाल ने बताया कि जैन श्रीसंघ के मार्गदर्शन में भीषण गमएँ को देखते हुए हमारी संस्था ने पूर्व में चलित प्याऊ घर की सेवा प्रारम्भ किया तथा अब विशेष अवसरों पर नगर के प्रमुख स्थानों में शीतल पेय जैसे शरबत, छाज, मठा आदि पेय पदार्थ लोगो को वितरित किया जाएगा।

वहीं उन्होंने बताया कि संस्था की तरफ से लगभग 400 से अधिक घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी छतों में रखने हेतु सकोरे भी वितरित किये गए हैं तथा शहर के प्रमुख स्थानों कालोनियों में पशुओं के पानी पीने हेतू कोठना रखवाया गया है।

शीतल पेय वितरण में मुख्यरूप से जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, विनोद श्रीश्रीमाल, लक्की लोढा, जैन युवा शक्ति के गौरव चोरडिया, श्रेयांश बाफना, विमल रतनबोहरा, श्रेणिक नाहटा, बिट्टू चोरडिया उपस्थित थे।

## योग आयोग के अध्यक्ष सिन्हा का किया स्वागत



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंहा का आगमन रविवार को गुण्डरदेही मे हुआ। वे बरबसपुर में हो रहे सरस्वती शिशु मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे । जहां गुण्डरदेही में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, समाजसेवी केशव साहू, सुरेश सोनी, अश्वनी यादव, मदन लाल साहू, नीतीश राजा सोनकर उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम साव की नाराजगी के बाद कुम्हारी सीएमओ सस्पेंड

**भिलाई।** कुम्हारी पालिका के सीएमओ नेतराम चन्द्राकर को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 9 मई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कुम्हारी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सीएमओ को लेकर कई शिकायतें की। इसके बाद साव ने जांच की तो अपूर्ण दस्तावेज, रिकॉर्ड संधारण और कार्यों में लापरवाही मिली। इस पर अरुण साव ने फटकार भी लगाई। मामले में संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की गई। नगरीय प्रशासन के अवर सचिव ने उन्हें निलंबित कर दिया। जांच प्रतिवेदन के मुताबिक निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति पंजी एवं निष्ठा एप में उपस्थिति नहीं थी। नगर पालिका लेखा के निरीक्षण में कैशबुक पंजी एवं लेखा पंजी अपूर्ण थी। निकाय में पेयजल संकट की स्थिति अमृत मिशन की धीमी प्रगति एवं अटल परिसर निर्माण की प्रगति अत्यंत कमी पाई गई।

## कुपोषित बच्चों को मिला सुपोषण किट हितग्राहियों को दिए गए नए राशनकार्ड

**भिलाई।** सुविधाओं और समस्याओं को लेकर नागरिकों को भटकना न पड़े इसलिए प्रदेश सरकार सुशासन तिहार शिविर का आयोजन निकाय स्तर पर कर रही है। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर वार्ड 18 रिसाली के सुशासन शिविर में कही। उन्होंने शिविर में न केवल कुपोषित बच्चों के लिए किट का वितरण किया, बल्कि नए राशन कार्ड भी हितग्राहियों को सौंपा। शिविर में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आमतौर पर समस्या और मांग के निराकरण के लिए नागरिकों को कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता को उनके वार्ड में ही रहते समस्याओं का निराकरण हो ऐसी व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहले शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, चन्द्र प्रकाश सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल समेत लोग उपस्थित थे।

# 10वीं की मेधावी नंदिनी का टीआई ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

पुलगांव शासकीय हाई स्कूल में अध्यनरत नंदनी साहू ने दसवीं की परीक्षा में 92.37 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया उनकी इस उपलब्धि पर पुलगांव थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट ने नंदनी को गुलदस्ता श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी भट्ट ने कहा कि शिक्षा विकास और सफलता का प्रवेश द्वार है शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह जीवन को समझने समस्याओं को हल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की कला है ।

वहां उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने कहा जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है यह हमें जीवन में कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहयोग करता है

इस अवसर पुलिस परिवार से सहायक उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनी , लखन लाल साहू वेद राम चंद्रवंशी, अमित गुप्ता , भुनेश्वरी साहू एवम सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल साहू ने छात्रा की उज्ज्वल भविष्य मंगलकामना कर बधाई दी।



**अखबार हाकर्स की बच्चों ने दसवीं बाई में किया कमाल**

**जामगांव आर।** बिना कोचिंग ट्यूशन के सभी विषयों में डिस्टेंशन मार्क्स लाकर जामगांव आर के दो अखबार हॉकर जितेंद्र साहू की सुपुत्री पूनम साहू माता पीलेश्वरी साहू ने दसवीं बोर्ड में 88.5 प्रतिशत और गातापार निवासी हॉकर देवेंद्र साहू के सुपुत्र तरुण सागर माता सुरजा बाई ने 83.6 प्रतिशत प्रतिभाशाली अंक प्राप्त कर साबित कर दिखाया कि प्रतिभा गरीबी और अमीरी की मोहताज नहीं होती है।

प्रातः कालीन बेला में बड़ी विश्वनीयता के साथ वर्षो से घर घर में अखबार पहुंचाकर देश दुनिया की खबरों से रूबरू कराने वाले इन हॉकरो का मस्तक इनके संतानों ने ऊंचा किया जिससे पिता माता गौरांवित है। विदित हो कि इनके क्लास के सुविधा संपन्न अनेकों सहपाठी पास भी नहीं हो सके। इन बच्चों की मेहनत लगन अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादाई है और एरिया के लिए गौरवमय इतिहास है।

### प्रतिभा गरीबी और अमीरी का मोहताज नहीं



सेजस के पूर्व प्राचार्य राजेश पिल्लई सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले, सेजस बेलहारी प्राचार्य वाईके साहू ने समवेत स्वर में कहा कि प्रतिभा अमीरी और गरीबी की मोहताज नहीं होती इन बच्चों ने यह साबित करते हुए बता दिया कि दशा कुछ भी हो दिशा और सोच सही हो तो एकलव्य जैसा पुरुषार्थ हो तो इतिहास बनाया जा सकता है। तरुण सागर की मां वर्षो से अस्वस्थ और पिता हॉकर फिर भी प्रतिभाशाली अंक वही दूसरी ओर मां गृहणी सामान्य काम काजी महिला और पिता हॉकर की बच्ची पूनम स्कूल में सेकंड टॉपर होना उन बच्चों के लिए प्रेरणादाई है जो साधन संपन्न बच्चे फेल हो जाते है या कम नंबर लाते है। प्राचार्यों ने कहा कि माता पिता बच्चो को कुसंगत से बचाए पूरा केयर करे होनहार संस्कारवान बनाए। तरुण ने डिस्टेंशन मार्क्स भरा तोहफा मदर्स डे पर मां को दिया

**वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का टारगेट, जमीनी हकीकत कुछ और**

# सुपेला में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज जिले में 188 पंचायत टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिले से इस साल यानी वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करना है। हाल यह है कि जिले के 304 ग्राम पंचायतों में से 188 ग्राम पंचायतें अभी टीबी मुक्त नहीं हो पाई है। जबकि 116 ग्राम पंचायतें ही टीबी मुक्त हो पाई है। केंद्र सरकार पूरे देशभर की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अभियान चला रही है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में देखें तो सुपेला क्षेत्र में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज हैं। कोरोना के बाद टीबी मरीजों की संख्या बढ़ी है। जो स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है।



**ऐसे होती है टीबी बीमारी:** ट्यूबरकुलोसिस को टीबी भी कहा जाता है। इसे क्षय रोग के नाम से भी जाना जाता है, यह एक आक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। टीबी मुख्य रूप से फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है लेकिन यह शरीर के कुछ अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। फेफड़ों को प्रभावित करने वाली टीबी, टीबी का सबसे आम प्रकार है।

### धमधा व पाटन के ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीबी मरीज ज्यादा

जिले के धमधा व पाटन ब्लॉक के अंतर्गत ज्यादा ग्राम पंचायतें टीबी फ्री नहीं हो पाई है। धमधा में कुल 119 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 51 टीबी फ्री हो गई है। यहां 68 पंचायतें टीबी फ्री नहीं की जा सकी है। पाटन ब्लॉक के अंतर्गत 112 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से 46 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। 56 ग्राम पंचायतें टीबी फ्री होने से बाकी हैं। दुर्ग ब्लॉक के अंतर्गत 73 ग्राम पंचायतें हैं। यहां 19 ग्राम पंचायतें टीबी फ्री हो गई हैं।

**वायुजनित रोग है टीबी:** जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक बताते हैं कि टीबी एक वायुजनित रोग है। यह मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर हवा में निकलने वाले संक्रमित कणों के माध्यम से फैलता है। जिन लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उन्हे इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। संक्रमण से बचाव के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच व इलाज के लिए तैयार रहना चाहिए।

### शहरी क्षेत्र दुर्ग और सुपेला भिलाई में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज

स्वास्थ्य विभाग को शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा टीबी के मरीज मिले हैं। सुपेला और दुर्ग क्षेत्र में टीबी मरीजों की संख्या ज्यादा है। इसकी वजह ट्विनसिटी में कोरोनाकाल के दौरान कोरोना पीड़ित भी सर्वाधिक रहे हैं। माना जा रहा है कि कोरोना से प्रभावित मरीजों में टीबी संक्रमण अधिक देखा गया। सुपेला क्षेत्र में 1767 हैं। दुर्ग में 1259 टीबी मरीज हैं। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों की संख्या कम है। धमधा ब्लॉक में 268 और पाटन ब्लॉक में 364 टीबी मरीज हैं। जिले में कुल 3658 टीबी मरीज मिले हैं। ये मरीज जनवरी से दिसंबर 2024 तक के हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज